---

01. राज्य सरकार ने युवा, रोजगार और कौशल विकास विभाग, उच्च शिक्षा तथा नागर विमानन विभाग के सृजन को दी मंजूरी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में इस वर्ष एक जुलाई के प्रभाव से, राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों का डीए पांच प्रतिशत बढ़ाने का हुआ फैसला।

03. राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को लेकर राज्यसभा में चर्चा जारी। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – आने वाली पीढियों को वंदे मातरम के महत्व और गौरव को समझाने के लिए चर्चा है जरूरी।

04. और, बिहार विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत मिलने पर एनडीए सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी।

---

राज्य सरकार ने तीन नये विभागों– युवा, रोजगार और कौशल विकास विभाग, उच्च शिक्षा तथा नागर विमानन विभाग के सृजन को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि मंत्रिमंडल ने श्रम संसाधन विभाग का नाम बदल कर श्रम संसाधन और प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग तथा कला, संस्कृति और युवा विभाग का नाम बदलकर कला और संस्कृति विभाग करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी।

–––बाईट–––

श्री चौधरी ने बताया कि मंत्रिमंडल ने सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम निदेशालय और बिहार विपणन प्रोत्साहन निगम सृजित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इसके अलावा कैबिनेट ने सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और पेंशन भोगियों के राहत भत्ते में पांच प्रतिशत बढ़ोतरी के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की है। बढ़ी हुई दरें एक जुलाई दो हजार पच्चीस के प्रभाव से लागू होंगी।

–––बाईट–––

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि कैबिनेट ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुये बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज के पुत्र को सरकारी नौकरी देने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। साथ ही मंत्रिमंडल ने युवाओं के कौशल विकास के लिए विद्यार्थी कौशल कार्यक्रम चलाने का फैसला किया है। इसका संचालन नेशनल स्टॉक

एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की मदद से किया जायेगा। कैबिनेट ने आज कुल उन्नीस प्रस्तावों को स्वीकृति दी।

———————————————————————

राज्यसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के एक सौ पचास वर्ष पूरे होने पर चर्चा जारी है। चर्चा की शुरूआत करते हुये केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम देशभक्ति, बलिदान और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक बना, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि संसद में वंदे मातरम् पर चर्चा से आने वाली पीढियां इसके महत्व और गौरव को समझेंगी।

———बाईट———

वंदे मातरम के प्रति समर्पण की जरूरत, वंदे मातरम बना तब भी थी, आजादी के आंदोलन के वक्त भी थी, आज भी है और जब 2047 महान भारत की रचना होगी तब भी है, क्योंकि अमर कृति मां भारती के प्रति, भारत माता के प्रति समर्पण, भक्ति और कर्तव्य के भाव जागृत करने वाली कृति है।

चर्चा में भाग लेते हुए, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वंदे मातरम को नारा बनाया था। श्री खड़गे ने कहा कि वंदे मातरम गीत भारत के सार्वजनिक जीवन में तब आया जब गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने 1896 में कलकत्ता में कांग्रेस अधिवेशन में इसे पहली बार गाया था।

———————————————————————

लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा जारी है। चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के मनीष तिवारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण– एसआईआर लागू करने के कारणों को सदन में रखना चाहिए।

———बाईट———

सरकार को चुनाव आयोग से कि कौन सी कांस्टीट्यूएंसी में, कौन से चुनाव क्षेत्र में, कहां पर गडबड है कि आई आर एक चुनाव क्षेत्र में होना चाहिए। तो उसके जो कारण है वो सार्वजनकि होने चाहिए ,ये जो इलेर्क्टॉनिक वोटिंग मशीन है लोकतंत्र के भरोसे पर चलता है।

भाजपा के संजय जायसवाल ने कहा कि विपक्ष हाल ही में संपन्न बिहार चुनावों में हुई भारी हार से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए एसआईआर का मुद्दा उठा रहा है।

———बाईट———

संविधान की धारा 326 भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार सुनिश्चित करती है कि वह बिना किसी भय और लालच के अपना मतदान कर सके और सही व्यक्ति को चुन सके। चुनाव सुधार का मुख्य उद्देश्य भी वही है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष आज भी फिर की बात कर रहे थे नेता केवल वोट चोरी फिर उसी तक अपने आप को सीमित रखने का काम करते हैं।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि वामपंथ उग्रवाद को अगले वर्ष मार्च महीने तक समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि केंद्र सरकार इस समस्या को समाप्त करने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री जी के सक्षम नेतृत्व में और माननीय गृह मंत्री जी के सफल मार्गदर्शन में 31 मार्च 2026 तक वामपंथी उग्रवाद का सफाया हो जाएगा। पहले की सरकारें, राज्य की समस्या मानती थी इसको जिसके कारण केन्द्र ने वामपंथी उग्रवाद पर ना कोई ठोस नीति अपनाई लेकिन मोदी सरकार ने वामपंथी के खिलाफ एक समग्र और प्रभावी ठोस नीति बनाई।

————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने कालाबाजारी, जमाखोरी और गुणवत्ता उल्लंघन पर राष्ट्रव्यापी कार्रवाई के तहत पिछले सात महीनों में उर्वरक डीलरों को 12 हजार 814 कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय रसायनिक और उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा ने यह जानकारी दी।

———बाईट———

फस्ट ऑफ अप्रैल से लेकर के अभी 28 ऑफ नवंबर तक ब्लैक मार्केटिंग में शो कॉज नोटिसिज जो है वो 5058 हुए। एफआईआर लॉज एफआईआर 142 और लाइसेंस इस कैंसिल्ड इस 3732 ।

————————————————————————————

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए संसदीय दल की बैठक आज नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, जदयू सांसद संजय झा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सांसद प्रफुल्ल पटेल और अन्य एनडीए सांसद उपस्थित थे। बैठक के दौरान बिहार विधानसभा चुनावों में गठबंधन की जीत के लिए एनडीए सांसदों ने प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी। पत्रकारों से बातचीत में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए सभी क्षेत्रों में सुधार करने पर जोर दिया।

———बाईट———

देश के आम लोगों की जिन्दगी को आसान और आराम बनाने के लिए रिफॉर्म, कानून नियम अच्छा है लेकिन सिस्टम को ठीक करने के लिए जनता को परेशान करने के लिए नहीं। प्रधानमंत्री मोदी जी ने बहुत साफ शब्दों में कहा है कि कोई भी ऐसा कानून, कोई भी ऐसा नियम नहीं होना चाहिए, जो बिना मतलब आम नागरिकों को परेशान करें। कानून लोगों के लिए बोझ नहीं लोगों की सुविधा के लिए होना चाहिए।

बैठक के बाद जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत पर प्रधानमंत्री ने एनडीए को बधाई दी।

———बाईट———

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि बैठक में एनडीए के घटक दलों ने बिहार विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सम्मान किया।

———बाईट———

————————————————————————

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बालू माफिया के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिये हैं। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री सिन्हा ने कहा कि कई जगहों पर थाना प्रभारियों की मिलीभगत से बालू तस्करी की शिकायतें मिल रही हैं। दोषी पाये जाने पर ऐसे अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा जायेगा और उनपर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

———बाईट———

श्री सिन्हा ने कहा कि जो भी व्यक्ति अवैध बालू के कारोबार की जानकारी देगा, उसका नाम और पहचान गुप्त रखते हुये दस हजार रूपये का ईनाम दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी जमीन से मिट्‌टी व्यक्तिगत कार्यों के लिए ले जाता है तो वह इसके लिए स्वतंत्र है। श्री सिन्हा ने बताया कि राज्य में वृहद खनन अभियान की शुरूआत होगी, जिससे रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे।

———बाईट———

————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आठ दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ आज दूसरे दिन भागलपुर जिले का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा।

————————————————————————

वैशाली जिले के हाजीपुर—लालगंज मुख्य मार्ग पर कंचनपुर धनुषी गांव के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि दस अन्य घायल हो गये।

————————————————————————

मुंगेर जिले के पूरबसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत काली ताजिया वार्ड संख्या—24 में पुलिस ने छापेमारी कर नकली सिगरेट बनाने की एक फैक्ट्री का उद्‌भेदन किया है।

मौके से लगभग पचास लाख रूपये मूल्य के सिगरेट के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. राज्य सरकार ने युवा, रोजगार और कौशल विकास विभाग, उच्च शिक्षा तथा नागर विमानन विभाग के सृजन को दी मंजूरी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में इस वर्ष एक जुलाई के प्रभाव से, राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों का डीए पांच प्रतिशत बढ़ाने का हुआ फैसला।

03. राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को लेकर राज्यसभा में चर्चा जारी। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – आने वाली पीढियों को वंदे मातरम के महत्व और गौरव को समझाने के लिए चर्चा है जरूरी।

04. और, बिहार विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत मिलने पर एनडीए सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।